



साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**






वर्ष : 6 | अंक : 24 गोंदिया : गुरुवार, दि. 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## वार्षिक योजना 2026-27 के प्रारूप को मंजूरी, पालकमंत्री नाईक ने की घोषणा



**गोंदिया**-जिला वार्षिक योजना वर्ष 2026-27 के प्रारूप मसौदे को जिला वार्षिक योजना समिति की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई. यह घोषणा उद्योग, सार्वजनिक बांधकाम (सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर), उच्च व तकनीकी शिक्षा, आदिवासी विकास, पर्यटन, मृदा एवं जलसंधारण तथा जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाइक ने की. इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, सांसद डॉ. प्रशांत पडोले, विधायकगण डॉ. परिणय फुके, एड. अभिजीत वंजारी, विनोद अग्रवाल, राजकुमार बडोले, संजय पुराम, जिला परिषद सदस्य, जिलाधिकारी प्रजित नायर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम्, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, उपवनसंरक्षक पवनकुमार जोंग, नवेगांव नागझिरा व्याघ्र आरक्षित क्षेत्र के उपसंचालक प्रीतमसिंह कोडापे, नियोजन उपायुक्त अनिल गोतमारे, जिला नियोजन अधिकारी मुरलीनाथ वाडेकर सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे. पालकमंत्री ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं गंभीरता से उठा रहे हैं.

### डोंगरी विकास कार्यक्रम 2025-26

डोंगरी विकास कार्यक्रम अंतर्गत गोंदिया तालुका में 41 कार्यों के लिए 365 लाख रुपये, सालेकसा तालुका में 140 कार्यों के लिए 1,535 लाख रुपये, सडक अर्जुनी तालुका में 27 कार्यों के लिए 270 लाख रुपये तथा अर्जुनी मोरगांव तालुका में 35 कार्यों के लिए 250 लाख रुपये की मांग की गई है. सभी तालुकाओं में कुल 243 कार्य प्रस्तावित हैं

### वर्ष 2025-26 - पुनर्विनियोजन

पुनर्विनियोजन के अंतर्गत जिला वार्षिक योजना (सामान्य) में 1,297.32 लाख रुपये की बचत दर्शाई गई है, जिसे संबंधित विभागों को पुनः वितरित किया जाएगा. आदिवासी उपयोजना में 24 लाख रुपये की बचत तथा अनुसूचित जाति उपयोजना में 685.79 लाख रुपये की बचत दर्शाई गई है.

### वर्ष 2025-26-दिसंबर तक निधि वितरण

वर्ष 2025-26 में जिला वार्षिक योजना (सामान्य) के अंतर्गत कुल बजटीय प्रावधान 29,800.00 लाख रुपये था, जिसमें से 17,880.00 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है. 22,448.68 लाख रुपये के कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है तथा 11,261.44 लाख रुपये विभागों को वितरित किए गए है. आदिवासी उपयोजना अंतर्गत 6,280.62 लाख रुपये का बजटीय प्रावधान था, जिसमें से 3,759.76 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं. 4,860.96 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है तथा 2,549.39 लाख रुपये का वितरण किया गया है.

### वर्ष 2026-27 के लिए निधि सीमा

वर्ष 2026-27 के लिए शासन द्वारा 214.98 करोड़ रुपये की सीमा निर्धारित की गई है. इसके अनुसार जिला वार्षिक योजना (सामान्य) की अधिकतम सीमा 214.98 करोड़ रुपये है, जबकि विभिन्न यंत्रणाओं द्वारा 50,980.61 लाख रुपये की मांग की गई है. आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत 6,039.60 लाख रुपये की सीमा है, जबकि 15,192.69 लाख रुपये की मांग प्राप्त हुई है. अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत 4,600.00 लाख रुपये की सीमा निर्धारित है तथा 6, 130.55 लाख रुपये की मांग की गई है.

## बाल मजदूर को छुड़ाया

**गोंदिया**-गोंदिया थाने की सीमा में एक नाबालिग बाल मजदूर को छुड़ाने में कामगार विभाग को कामयाबी मिली. पता चला कि एक 13 साल का लड़का गृह उद्योग में मजदूरी कर रहे हैं. पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, सहायक कामगार आयुक्त गोंदिया की संयुक्त रूप से जांच के बाद, अपर कामगार आयुक्त किशोर दहीफलकर के मार्गदर्शन में सहायक कामगार आयुक्त राजदीप धुर्वे के आदेश पर बच्चे को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया. मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया.

## ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले 2 अरेस्ट स्थानीय अपराध शाखा की कार्रवाई



**गोंदिया**-छत्तीसगढ़ राज्य के दो शातिर अपराधी गोंदिया शहर के एक होटल के कमरे में बैठकर लोगों को रुपयों का लालच देकर उनके नाम से नए बैंक खाते खुलवाकर मोबाइल सिम कार्ड, चेकबुक लेकर उनसे धोखाधड़ी कर आम लोगों को फंसाने का काम कर रहे थे. जिसकी जानकारी स्थानीय अपराध शाखा को मिलते ही, उन्होंने छापामार कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों का नाम छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा निवासी शेख आसिफ शेख अहमद (27) व सचिनकुमार संतोष पटले (22) बताया गया है. जानकारी के अनुसार, स्थानीय अपराध शाखा की टीम को गश्त के दौरान जानकारी मिली कि शहर के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़वा नाका स्थित होटल ऑर्चिड में कुछ लोग ठहरे हुए हैं जो लोगो को रुपयों का लालच देकर उनके बैंक खाते प्राप्त कर ऑनलाइन प्रणाली से रुपयों का गैर व्यवहार कर रहे हैं. जानकारी के आधार पर, पुलिस टीम ने कुड़वा नाका स्थित होटल ऑर्चिड में दस्तक दी और इन व्यक्तियों के ठहरने की जानकारी ली. होटल में छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा के दो व्यक्ति पिछले दो दिन से वहां रुके हुए थे. पुलिस टीम ने उस रूम में जाकर उनकी जांच की.

### पुलिस ने 32 हजार रुपये का माल किया जब्त

अधिक पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे रुपयों का लालच देकर स्थानीय लोगों से उनके बैंक में खाते खुलवाकर, बैंक खातों के मोबाईल नंबर की सिम, चेकबुक प्राप्त करते थे. इसके बाद बैंक खातों का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग में प्राप्त होने वाली रकम का व्यवहार उक्त बैंक खातों के माध्यम से स्थानीय लोगो के साथ धोखाधड़ी करते थे. दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया के करंट बैंक खाते, उसके चेकबुक, सिम कार्ड, तीन मोबाइल ऐसे कुल 32 हजार रु. का माल जब्त किया है. आरोपियों के खिलाफ रामनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देश व पुलिस निरीक्षक पुरुषोतम अहेरकर के मार्गदर्शन में की गई .

## अंधेरे में डूबा गोरेगांव का बाजार

### विभाग की लापरवाही, वर्षों बाद भी नपं को हस्तांतरण नहीं



**गोरेगांव**-गोरेगांव-गोंदिया राष्ट्रीय महामार्ग पिछले 1 महीने से अंधेरे में है. शहर में स्थित महामार्ग पर स्ट्रीट लाइट बंद पड़े हैं. पूरा मार्ग पर अंधेरा छाया हुआ है. जिससे चोरी जैसी वारदातों का खतरा बढ़ गया है. बार-बार शिकायत करने पर भी राष्ट्रीय महामार्ग विभाग नागपुर साथ ही ठेकेदार स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने में रुचि नहीं दिखा रहा है. राष्ट्रीय हाईवे को बने वर्षों बीत गए हैं. लेकिन हाईवे स्ट्रीट लाइट अब तक नपं को हस्तांतरण नहीं हुए हैं, जो समझ से परे हैं. शहर में गोंदिया-गोरेगांव हाईवे पर समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही है. पहले निर्माण कार्य को लेकर परेशानी थी, अब मेंटेनेंस कार्यों में अनदेखी बरती जा रही है. शहर में स्थित स्ट्रीट लाइट संबंधित विभाग की अनदेखी से आज तक नपं को हस्तांतरण नहीं किए गए हैं. ऐसे में पूरे मेंटेनेंस कार्य की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महामार्ग विभाग नागपुर के अधिकारियों की होती है. गोरेगांव नगर का मुख्य मार्केट राष्ट्रीय हाईवे पर है. यहां शहर ठाना चौक से लेकर पुलिस थाने तक सभी स्ट्रीट लाइट बंद हैं. शाम होते ही स्थानीय निवासियों को और आवागमन करने वालों को दुर्घटना का डर बना रहता है. साथ ही महिलाएं-लड़कियों को आवागमन करने में सुरक्षा को लेकर चिंता की स्थिति बनी रहती है. जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है. नपं को हस्तांतरण करने से क्षेत्रीय असुविधाओं को लेकर बेहतर जानकारी होती है. जिससे व्यवयस्थाओं को सुनियोजित करने में आसानी होता है.

### कई बार की शिकायत, पर अनदेखी

नगर पंचायत द्वारा इस समस्याओं से राष्ट्रीय महामार्ग विभाग से अवगत कराया गया है. वहीं नागरिकों द्वारा लगातार इस समस्या पर भी शिकायत की जा रही है. लेकिन राष्ट्रीय हाईवे पर स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस कार्य भगवान भरोसे ही दिखाई दे रहा है. एक ओर शहर में मुख्य मार्केट राष्ट्रीय हाईवे पर रहने से अंधेरे में चोरी का डर बढ़ गया है. दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट बंद रहने से पुलिस विभाग को भी परेशानी हो रही है. भविष्य में ऐसी कोई भी वारदात शहर में होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की रहेगी. जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट शुरू करने की मांग नागरिकों द्वारा उठाई जा रही है.

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन से विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन-प्राचार्य डॉ. रविंद्र मोहतुरे




**बुलंद गोंदिया।** महाविद्यालय के वार्षिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रविंद्र मोहतुरे ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए ऐसे आयोजनों का विशेष महत्व होता है। स्नेह सम्मेलन से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता का विकास होता है। गोंदिया शिक्षा संस्था द्वारा संचालित नटवरलाल माणिकलाल दलाल महाविद्यालय, गोंदिया के कनिष्ठ महाविद्यालय की ओर से यह त्रि-दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। संस्था के मार्गदर्शक प्रफुलभाई पटेल, संस्था अध्यक्ष वर्षा पटेल, सचिव राजेंद्र जैन एवं संचालक निखिल जैन के मार्गदर्शन में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र मोहतुरे की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. हरिश्चंद्र पारधी (कला विभाग प्रमुख), कनिष्ठ महाविद्यालय के पर्यवेक्षक प्रा. रवि राहागडाले, डॉ. सरिता उदापुरकर (वाणिज्य विभाग प्रमुख), डॉ. सुयोग इंगले (विधि विभाग प्रमुख), डॉ. संजय जगणे (सांस्कृतिक विभाग प्रमुख), प्रा. चेतन मानकर (क्रीड़ा विभाग प्रमुख), कु. खुशबू लांजेवार तथा लकी देशमुख (वर्ग प्रतिनिधि) की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन के प्रथम दिन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में डॉ. एजाज शेख (क्रीड़ा विभाग प्रमुख, डी.बी. साइंस कॉलेज, गोंदिया) तथा विशेष अतिथि डॉ. प्रवीण कुमार (क्रीड़ा विभाग प्रमुख, न.मा.द. महाविद्यालय) उपस्थित थे। प्रा. चेतन मानकर की उपस्थिति में कबड्डी, रस्साकशी, कोन बैलेंस, 100 मीटर दौड़, स्लो साइकिल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। द्वितीय दिवस निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, स्वस्फूर्त भाषण, मेहंदी, केश सज्जा, प्रश्नमंजूषा, वाद-विवाद एवं गीत गायन जैसी प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। विजेता विद्यार्थियों को मान्यवरों के हस्ते पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

तृतीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नाटक, एकांकी, गीत गायन, नृत्य, सामूहिक गीत एवं एकल गीत के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और सभी का ध्यान आकर्षित किया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रा. उर्विल पटेल, डॉ. रविंद्र तिडके, डॉ. मेश्राम, प्रा. गीता पटेल, प्रा. कविता पटेल, प्रा. राजेश्वरी चोपकर, डॉ. भावेश जसानी, डॉ. तृप्ती पटेल, डॉ. बबन मेश्राम एवं प्रा. प्रवीण टेंभेकर ने विशेष परिश्रम किए। कार्यक्रम का संचालन कु. आलेमीन पठाण, कु. माही पटेल, जय वाधवाणी एवं प्रदीप जगणे ने किया तथा आभार डा. कपिल चौहान ने माना।

## हाईवे के धीमे काम पर गडकरी सख्त, बालाघाट-गोंदिया को लेकर मुलाकात



**गोंदिया**-गोंदिया-बालाघाट राष्ट्रीय महामार्ग पर विगत कई वर्षों से चल रहे अत्यंत धीमे, अधूरे व लापरवाह निर्माण कार्य को लेकर सामाजिक व पर्यावरणीय संगठन वृक्षधरा फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर उन्हें विस्तृत ज्ञापन सौंपा. जिसमें कहा गया कि राष्ट्रीय महामार्ग वर्तमान में आम नागरिकों के लिए सुविधा के बजाय गंभीर समस्या बन चुका है. सड़क के कई हिस्से अधूरे हैं तथा अनेक स्थानों पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे दोपहिया व चारपहिया वाहनों की दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं. रात्रि के समय स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है. निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण उड़ती धूल-मिट्टी से आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में दमा, एलर्जी तथा श्वसन संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. इससे विशेष रूप से बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं. सड़क चौड़ाईकरण के दौरान 100 वर्षों से अधिक पुराने सैकड़ों वृक्षों की कटाई की गई, लेकिन उसके अनुपात में नियमानुसार देशी वृक्षों का रोपण नहीं किया गया, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है.

### काटे गए वृक्षों के अनुपात में लगाएं देसी वृक्ष-गडकरी

मंत्री नितिन गडकरी ने विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोंदिया-बालाघाट राष्ट्रीय महामार्ग की वास्तविक स्थिति की तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, दुर्घटनाजनक स्थलों पर अस्थायी सुधार कार्य किए जाएं तथा कटे वृक्षों के अनुपात में देशी वृक्षों का अनिवार्य रूप से रोपण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा, सड़क की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. प्रतिनिधि मंडल में गोंदिया भाजपा अध्यक्ष सीताई रहांगडाले, वृक्षधरा फाउंडेशन के सह-संस्थापक तनुज येडे, नागपुर के प्रमोद धुवारे व आयुष निधान का समावेश था.

## 16.21 लाख रुपये का माल जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

### रेत तस्करी करते 3 ट्रैक्टर पकड़ाए



गोंदिया, ब्यूरो. अर्जुनी मोरगांव तहसील के बंध्या/वडेगांव नदी परिसर में अवैध रेत ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया. इस कार्रवाई में 16.21 लाख रु. का माल जब्त किया गया. साथ ही तीन आरोपियों के खिलाफ अर्जुनी मोरगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है. अर्जुनी मोरगांव थाने के तहत ग्राम बंध्या/वडेगांव नदी परिसर में ट्रैक्टर क्र. एमएच 35 -एडब्ल्यू 2844, एमएच 35 एडब्ल्यू सी 0006 तथा ट्रॉली क्र. एमएच 35 एफ 4861 व 2787, एमएच 35 -बिना क्र. की दो ट्रॉली को अवैध रेत ले जाते हुए पकड़ा गया. इस कार्रवाई में कुल 16.21 लाख रु. का माल जब्त किया गया है. फिर्यादी सिपाही विकास धात्रक की शिकायत पर अर्जुनी मोरगांव थाने में बुटाई निवासी आरोपी नितेश कृष्णा शेंडे (27), महागांव निवासी सचिन गुलाब शहारे (31) व प्रमोद हेमराज शहारे (35) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक रोहनकर कर रहे हैं.

## हुक्का पार्लर पर पुलिस ने की छापेमार कार्रवाई रेलटोली परिसर से तंबाकू पदार्थ और हुक्का सामग्री जब्त



**गोंदिया**-तंबाकू पदार्थों पर प्रतिबंध होने के बावजूद, हुक्का पार्लरों में बड़े पैमाने पर हुक्का का इस्तेमाल किया जा रहा है. इस बीच रामनगर पुलिस ने रेलटोली परिसर में एक हुक्का पार्लर पर छापामार कार्रवाई की. इस कार्रवाई में हुक्का सामग्री व अलग-अलग प्रतिबंध फ्लेवर के तंबाकू पदार्थ जब्त किए गए. रामनगर पुलिस को जानकारी मिली थी कि रामनगर थाने के तहत रेलटोली परिसर में टॉम्स कैफे गैर-कानूनी तरीके से हुक्का और तंबाकू फ्लेवर का इस्तेमाल कर रहा है और ग्राहकों को सप्लाई कर रहा है. जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार रात पार्लर पर छापा मारा और बाजपेयी वार्ड निवासी आरोपी विनोद ओमकार भांडारकर (36) को हिरासत में ले लिया. साथ ही, पार्लर से 6,000 रु. कीमत के छह हुक्का पॉट पाइप सहित तंबाकू पदार्थ ऐसे कुल 6,730 रु. का माल जब्त कर लिया. आरोपी के खिलाफ रामनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है

## संपादकिय...

# भाजपा का 'नबीन' दौर

नितिन नबीन भाजपा के नए राष्टीय अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में बड़े समारोह के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत की है। नबीन के पक्ष में केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों और संसदीय बोर्ड ने कुल 37 नामांकन प्रस्ताव दिए थे, विरोध में कोई भी नामांकन नहीं था, लिहाजा भाजपा अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। यह भाजपा की स्थापित परंपरा है कि शीर्ष नेतृत्व एक नाम तय करता है और समूचा संगठन उस पर स्वीकृति की मुहर लगा देता है। भाजपा में राष्टीय अध्यक्ष बनाते हुए कभी कोई विरोध, चुनाव की चुनौती सामने नहीं आई, लिहाजा पार्टी में अब 'नबीन दौर' शुरू हो गया है। इसे स्वीकार करना चाहिए। भाजपा के नए राष्टीय अध्यक्ष 45 वर्षीय, सबसे युवा नेता हैं। उनसे पहले अमित शाह 49 वर्ष और नितिन गडकरी 52 वर्ष के थे, जब वे भाजपा अध्यक्ष बने। पार्टी के भीतर से यह खबर भी आ गई है कि भाजपा संगठन में अब 70 फीसदी पद 60 साल की उम्र से कम वाले चेहरों को दिए जाएंगे। साफ है कि राष्टीय कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा ने नितिन नबीन के दौर के साथ ही यह प्रचारित करना शुरू कर दिया है कि देश की 65 फीसदी आबादी युवा है और भाजपा 'जेन जी' की पहली पसंद वाली पार्टी है। पार्टी के प्रथम सरोकार, लक्ष्य, प्राथमिकताएं, कार्यक्रम आदि भी 'जेन जी' केंद्रित होंगे। इस सोच और रणनीति के पीछे जनादेश के आंकड़ों का भी योगदान है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी से अधिक युवाओं ने भाजपा-एनडीए के पक्ष में वोट दिए। राज्य स्तरीय चुनावों में समर्थन का यह आंकड़ा 45-47 फीसदी तक भी पहुंचा है। लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने, गृहमंत्री अमित शाह की सलाह से, भाजपा अध्यक्ष के लिए एक निर्विरोध, निर्विवाद और संगठन के अनुभवी युवा चेहरे को चुना है। यह नाम जब सामने आया था, तो प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर देश को हैरान कर दिया था। बहरहाल भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को की गई और अटलबिहारी वाजपेयी को प्रथम राष्टीय अध्यक्ष चुना गया। भाजपा की पृष्ठभूमि 'भारतीय जनसंघ' में निहित रही है, जिसकी स्थापना 21 अक्तूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय सरीखे साथियों के संग, एक स्कूल के प्रांगण में की थी। आपातकाल के बाद 'जनता पार्टी' के राजनीतिक संगठन का उदय हुआ, तब जनसंघ समेत कई विपक्षी दलों ने अपना निजी अस्तित्व समाप्त कर 'जनता पार्टी' में विलय किया था। नतीजतन 1977 का शानदार, प्रचंड जनादेश विपक्ष को हासिल हुआ, लेकिन 1979 में जनता पार्टी के विघटन के बाद जनसंघ वाले गुट ने भाजपा का गठन किया। राजनीति में 45 साल का सफर कोई लंबा नहीं माना जाता, लेकिन आज भाजपा 17 करोड़ से अधिक सदस्यों और काडर वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह आश्चर्यजनक विस्तार और स्वीकृति है। भाजपा के प्रथम प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने 6 साल तक भारत सरकार का नेतृत्व किया। 26 मई, 2014 से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। वह लगातार तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं।देश के 21 राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। करीब 68 फीसदी देश पर उनका शासन है।

# अवैध वसूली के आरोपी पुलिस ड्राइवर का तत्काल तबादला



**दरेकसा**-सालेकसा तहसील पत्रकार संघ के लगातार प्रयास के चलते अवैध वसूली के गंभीर आरोपों से घिरे पुलिस कांस्टेबल (ड्राइवर) के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिसकर्मी का तत्काल तबादला किया है. जिसके बाद पत्रकार संघ ने प्रस्तावित अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन को स्थगित कर दिया. संबंधित पुलिस कांस्टेबल पिछले लगभग 15 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत था. उस पर आरोप है कि वह पिछले कई वर्षों से तस्करी तथा विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों से हर महीने करीब 25 लाख रु. की अवैध वसूली कर रहा था. इस वसूली के लिए एक निजी व्यक्ति को एजेंट या दलाल के रूप में उपयोग किए जाने की भी चर्चा सामने आई है. सालेकसा तहसील पत्रकार संघ को जब भूख हड़ताल खत्म करने का पत्र देते उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मडामे. इस पूरे मामले की गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई, तब संघ ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक, उपविभागीय पुलिस अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित थानेदार को लिखित शिकायतें भेजीं. पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित थानेदार को आवश्यक निर्देश दिए. आरोपी पुलिसकर्मी को गोंदिया स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तलब कर आगे की कार्रवाई की गई. इस प्रकरण को लेकर सालेकसा तहसील पत्रकार संघ ने 16 जनवरी को आमगांव उपविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने के निर्देश दिए थे. लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई किए जाने के बाद पत्रकार संघ ने आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया. पत्रकार संघ ने स्पष्ट मांग की है कि सिर्फ तबादला ही नहीं, बल्कि आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ अवैध वसूली की निष्पक्ष व गहन जांच की जाए. संघ अध्यक्ष प्रकाश टेंभरे, उपाध्यक्ष संजय बारसे, सचिव गुलशन बनोटे, कोषाध्यक्ष यशवंत शेंडे, कार्यकारी अध्यक्ष गुनाराम मेहर समेत अन्य पदाधिकारियों ने इस मामले में प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपेक्षा जताई है. पुलिस अधीक्षक एवं उपविभागीय पुलिस अधिकारी ने पत्रकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को इसी तरह निर्भीकता से उजागर करना लोकतंत्र के लिए आवश्यक है

# आर्चरी और मार्शल आर्ट्स के सितारों ने बढ़ाया जिले का मान

**तिरोड़ा**-क्रीड़ा व युवक सेवा संचनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे व जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में गोंदिया में शासकीय अधिकृत खेल संगठन के राष्टीय स्तर पर पदक प्राप्त छात्र और छात्राओं का सत्कार किया गया.

जिसमें जिले की एकमात्र अधिकृत संस्था वूशु, आर्चरी, थांगता मार्शल आर्ट गोंदिया जिला संगठन की छात्र गुंजन गायधने, हाशिक शेंडे, प्रबुद्ध रंगारी का सत्कार जिला क्रीड़ा अधिकारी मरस्कोल्हे, क्रीड़ा अधिकारी महाले, विविध संगठना के पदाधिकारी व अधिकृत संगठना वूशु, आर्चरी, थांगता मार्शल आर्ट, कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव सुनील शेंडे, विकास कापसे, दुलीचंद मेश्राम, अनिल सहारे, प्रशिक्षिका मालती लिल्हारे की उपस्थिति में किया गया.

इस अवसर पर अधिकृत खेल संगठन के पदाधिकारी अशोक असाटी, संजय नागपुरे, डॉ. संदीप मेश्राम, पंकज तिडके, नीरज दुबे, कुलदीप मंजूटे आदि ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं

# धारगांव के पास हुआ भयानक दर्दनाक हादसा
# ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत



**भंडारा**-नागपुर-रायपुर राष्टीय महामार्ग क्रमांक 53 पर धारगांव के पास मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. नागपुर से लाखनी की ओर जा रहा एक दोपहिया सवार युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गया. गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई. मृतक का नाम लाखनी के हनुमान नगर निवासी संकेत सुखदेव सपाटे (30) है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, संकेत एक दवा कंपनी में कार्यरत था. वह सोमवार को कंपनी की बैठक के लिए नागपुर गया था और मंगलवार तड़के करीब 5.45 बजे अपनी मोपेड (स्कूटी) क्र.एमएच 36 एएम 4506 से नागपुर से लाखनी लौट रहा था. धारगांव के पास सड़क पर खड़े ट्रक क्र. सीजी 04 एमबी 7696 से उसकी दोपहिया तेज गति में पीछे से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संकेत के सिर और पैरों से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और उसकी दोपहिया के परखच्चे उड़ गए. घटना की सूचना मिलते ही कारधा पुलिस थाने के कांस्टेबल मार्कंड डोरले तथा जगदुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य मुख्यपीठ नाणिजधाम संस्थान की एम्बुलेंस के चालक प्रमोद मोहतुरे मौके पर पहुंचे. स्थानीय नागरिकों की मदद से घायल संकेत को तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भंडारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. कारधा पुलिस ने सड़क पर लापरवाही से वाहन खड़ा करने के आरोप में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है. युवक की असामयिक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है.

# मूकमाटी एक्सप्रेस का अभिनंदन गोंदिया रेलवे स्टेशन पर




**गोंदिया**-भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा जबलपुर से रायपुर के संचालित इंटरसिटी एक्सप्रेस को जैन संत शिरोमणि, राष्ट्रसंत परम पूज्य 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के महान साहित्यिक ग्रंथ %मूकमाटी% के नाम से नामांकित किया गया है. यह निर्णय न केवल जैन समाज, बल्कि संपूर्ण साहित्य, संस्कृति और अध्यात्म जगत के लिए गौरव का विषय है. इस पावन व ऐतिहासिक अवसर पर श्री दिगंबर जैन ट्रस्ट मंडल, गोंदिया रेलवे स्टेशन पर मूकमाटी इंटरसिटी एक्सप्रेस का भव्य व भावपूर्ण स्वागत किया गया. जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, श्रद्धालुओं व समाजजनों ने जयघोष, पुष्पवर्षा व मंगल भावनाओं के साथ उसका अभिनंदन किया. महान ग्रंथ के नाम पर ट्रेन का नामकरण होना आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के प्रति राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि है. इस अवसर पर राजू एन. जैन, राजेश जैन, रवि कासलीवाल, अतुल जैन, मनीष जैन, धनेश जैन, अमित जैन, आदेश अनिल जैन, अनिल जैन, संदीप लाडली,संदीप जैन, नितेश बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे. सभी ने ऐतिहासिक पहल के लिए भारत सरकार व रेल मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया.

# भाजयुमो की ओर से गृह राज्यमंत्री पंकज भोयर का ध्यानाकर्षण कराया गया
# ड्रग्स और गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें



**गोंदिया**-जिले में तेजी से बढ़ रहे ड्रग्स के इस्तेमाल, नकली शराब व अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर भाजयुमो की ओर से राज्य के गृह राज्यमंत्री एवं भाजपा गोंदिया जिला संपर्क मंत्री डा. पंकज भोयर को ज्ञापन सौंपा गया. यह ज्ञापन भाजपा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल के नेतृत्व में दिया गया. ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ समय से जिले में ड्रग्स से संबंधित अवैध गतिविधियों में चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है. विशेष रूप से युवाओं में गांजा, ड्रग्स, कोरेक्स जैसे प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की उपलब्धता बढ़ गई है. इसी के साथ जिले के कुछ क्षेत्रों में नकली शराब का अवैध कारोबार भी खलेआम संचालित हो रहा है. नशे की लत के कारण जिले के कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच चके हैं और यवा वर्ग का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है. यह स्थिति न केवल सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है बल्कि जिले की कानन-व्यवस्था और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुकी है. इन हालातों को देखते हुए भाजपा युवा मोर्चा ने प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है. भाजयुमो ने जिले में तत्काल एक व्यापक एंटी-ड्रग्स अभियान चलाने तथा ड्रग तस्करी, नकली शराब निर्माण और बिक्री में शामिल सभी लोगों व गिरोह के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है. इस अवसर पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सरकार और प्रशासन को ठोस व प्रभावी निर्णय लेने होंगे. इस दौरान जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, हर्ष विनोद कुमार मोदी, मनोज बोपचे, पुष्पराज जनबंधु, विक्की बघेल, इंद्रजीत सिंह भाटिया एवं संतोष कटरे उपस्थित थे

# शाला में सांस्कृतिक महोत्सव खेल-संस्कृति से छात्रों का विकास-जमईवार



**बिरसीफाटा/तिरोड़ा**-विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं. सांस्कृतिक गतिविधियों से विद्यार्थियों के सुप्त गुणों को अभिव्यक्ति मिलती है, जिससे उनके भीतर छिपी कला जागृत होती है, वहीं खेल गतिविधियों से शारीरिक व मानसिक क्षमता का विकास होता है. यह समय की आवश्यकता है. ऐसा प्रतिपादन जिप प्राथमिक शाला परसवाड़ा में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व उपसभापति व पंस सदस्य हुपराज जमईवार ने किया. उद्घाटन जिप सदस्य चतुर्भुज बिसेन ने किया. दीप प्रज्ज्वलन पंस सदस्य चेतलाल भगत ने किया. अतिथि के रूप में योंगेन्द्र भगत, सरपंच उषा बोपचे, उपसरपंच मणिराम हिंगे, चंद्रशेखर टेभरे, सीमा कोटंगले, सरिता बोपचे, तुषार डोमने, माणिक साकुरे, अनिता राऊत सहित ग्रापं के सभी सदस्य उपस्थित थे. इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य, पुलिस पाटिल, वर्तमान व पूर्व शाला अध्यक्ष, माता-पिता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे. प्रस्तावना मुख्याध्यापक ने रखी. केंद्र प्रमुख यशवंत लांजेवार, चेतलाल भगत, चतुर्भुज बिसेन आदि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. सफलतार्थ रुपाली मुले और प्रवीण शेख ने प्रयास किया. आभार निर्मला भगत ने माना.

# सालेकसा तहसील के 19 युवा पहली कोशिश में
# अर्धसैनिक बलों में हुए भर्ती दादालोरा खिड़की ने खोले सफलता के दरवाजे



**सालेकसा**-पुलिस विभाग की तरफ से चलाई जा रही दादालोरा खिड़की योजना के तहत सालेकसा तहसील के 19 युवा, जिन्होंने पुलिस थाने और कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा से मिलकर चलाए जा रहे पुलिस भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर केंद्र में पढ़ाई की थी, वह अर्धसैनिक बलों में भर्ती हुए हैं. सालेकसा तहसील के इतिहास में यह पहली बार है और पुलिस विभाग की खिड़की योजना ने तहसील के इच्छुक युवाओं के लिए अपना करियर बनाने और देश की सेवा करने के लिए सफलता के दरवाजे खोल दिए हैं. तहसील में इतनी बड़ी सफलता को देखते हुए, सालेकसा पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक भूषण बुराडे के मार्गदर्शन में शहर में ढोल-ताशों के साथ जुलूस निकाला गया और शहर के मुख्य चौराहे पर उनका सम्मान किया गया. सालेकसा थाना और कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा की ओर से बस स्टैंड चौक पर भर्ती हुए युवाओं के लिए एक सम्मान समारोह रखा गया था. अध्यक्षता तहसीलदार नरसय्या कोंडागुर्ले ने की. मुख्य अतिथि के रुप में नगराध्यक्ष विजय फुंडे, नपं स्वीकृत सदस्य डॉ. राजेंद्र बडोले, पंस सदस्य अर्चना मडावी, समाजिक कार्यकर्ता गुणवंत बिसेन, प्रधानाध्यापक आर.बी. वैद्य, सरपंच रविता मेंढ़े, पुलिस निरीक्षक भूषण बुराडे आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम में अतिथियों ने मार्गदर्शन किया. प्रस्तावना थानेदार बुराडे ने रखी और सम्मान कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य समझाया की इस तरह के आयोजन से परीक्षार्थी और अभिभावकों को प्रोत्साहन मिलता है.

## इन युवक-युवतियों को किया सम्मानित

सालेकसा थाने के तहत अर्धसैनिक बलों में सेवा देने के लिए कुल 19 युवक-युवतियां भर्ती हुए. जिनमें से 14 सालेकसा थाना प्रशिक्षण शिविर से और 5 बिजेपार और पिपरिया से है. बीएसएफ में भर्ती होने वालों में पवन मैढ़े, कीर्ति नागपुरे, खुशबू चौधरी, अतुल बिसेन, शुभम बोहरे, शारदा माछिरके, सदीप नागपुरे, रूपेश नागपुरे, सीआरपीएफ में भरती होने वाले नितिन शहारे, राहुल वाघाड़े, संदीप कुरसुंगे, आशीष भोयर, अजय पारधी, ऋषिकेश मेंढे, उज्वल डोकरमारे के साथ ही सीआईएसएफ में भर्ती हुए आशीष बावने, अजय बैस, सचिन बहेकार, ओमप्रकाश रहांगडाले को भी सम्मानित किया गया. इससे पहले, सभी युवक-युवतियों को गले में माला और पगड़ी पहनाकर शहर में जुलूस निकाला गया. दूर-दराज के आदिवासी इलाकों में रहने वाले ये युवक-युवतियां मिले सम्मान और आदर से अभिभूत थे.

# जुआ व शराब अड्डों से 45 हजार का माल जब्त

**भंडारा**-जिले में अवैध धंधों को जड़ से समाप्त करने के निर्देश जिला पुलिस अधीक्षक नुरुल हसन द्वारा दिए गए हैं. इसी के तहत पुलिस थाना स्तर पर जुआ और अवैध शराब अड्डों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. इस अभियान के अंतर्गत की गई छापेमारी में पुलिस ने कुल 45 हजार रुपये का अवैध माल जब्त किया है.

कारधा पुलिस ने नेहरू वार्ड, कारधा निवासी प्रल्हाद नंदू भुरे (63) से दो प्लास्टिक डिब्बों में रखी गई प्रत्येकी 5 लीटर, कुल 10 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की है. जब्त शराब की कीमत लगभग 2 हजार रुपये बताई गई है. वहीं आंधलगांव पुलिस ने जांब, तहसील मोहाडी निवासी रामेश्वर जयवंत देशमुख (30) से करीब 15 लीटर महुआ शराब तथा एक दोपहिया वाहन जब्त किया है. कारधा और आंधलगांव पुलिस थानों के अंतर्गत की गई इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 45 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# महास्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**सालेकसा**-आमगांव-सालेकसा-देवरी विधानसभा क्षेत्र में जनस्वास्थ्य को समर्पित एक सराहनीय पहल के तहत नि:शुल्क महास्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर की शुरुआत की गई है. विधायक संजय पुराम मित्र परिवार तथा शालिनीताई मेघे अस्पताल, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व महिला एवं बाल कल्याण सभापति सविता संजय पुराम की विशेष पहल से आयोजित इस स्वास्थ्य वारी का उद्घाटन डोंगरगांव में किया गया. उद्घाटन के पहले ही दिन डोंगरगांव और आसपास के गांवों से सैकड़ों महिला-पुरुषों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और योजना का लाभ उठाया. विधायक पुराम ने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की रीढ़ होती हैं. केवल बर्तन या सामग्री देने से नहीं बल्कि उनके स्वास्थ्य की चिंता करना ही सच्ची सेवा है. सविता पुराम ने उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है. जिला परिषद सदस्य कल्पना वालोदे ने कहा कि हल्दी-कुमकुम जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरुकता और चिकित्सा सुविधा देना अत्यंत प्रशंसनीय है. डोंगरगांव में सफल शुरुआत के बाद यह महास्वास्थ्य एवं नेत्रजांच शिविर 20 फरवरी तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा. भोसा में तुकाराम हाईस्कूल, परसोड़ी, तिरखेड़ी, अंजोरा, पुराडा, कोटरा, दहेगांव, सालेकसा एवं चिचगढ़ में शिविर होगा. विधायक पुराम मित्र परिवार ने क्षेत्र के अधिक से अधिक नागरिकों से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है.

# 3 ठेले से तंबाकू पदार्थजन्य जब्त

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव और गोंदिया शहर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर पान टपरियों से तंबाकूजन्य पदार्थों को जब्त किया. पहली कार्रवाई अर्जुनी मोरगांव थाने के तहत ग्राम मालकनपुर में की गई. इस कार्रवाई में पुलिस ने माहुरकुड़ा निवासी मंसाराम दूधराम मेश्राम (55) के पान ठेले में छापा मारकर तंबाकूजन्य पदार्थों को जब्त किया. ऐसी ही दूसरी कार्रवाई झरपड़ा निवासी विकास विठोबा राऊत (53) के पान ठेले में की गई. यह कार्रवाई हवलदार सुभाष डोंगरवार और उनकी टीम ने की. पुलिस ने उक्त आरोपी के पास से सिगरेट के पैकेट, बीड़ी के पैकेट और तंबाकूजन्य पदार्थों को जब्त किया. उसी प्रकार शहर पुलिस थाने के तहत सिविल लाइन के जन्नत पान सेंटर में पुलिस ने छापा मारकर इरफान शेख सलाउद्दीन शेख (32) के पास से दो सिगरेट के पैकेट, तंबाकू के 7 पैकेट और तंबाकूजन्य पदार्थों को जब्त किया. यह कार्रवाई सहायक पुलिस निरीक्षक संजय तुपे, हवलदार राजेश हुकरे, कापसे और मदारकर ने की. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर मामला दर्ज किया है.

# टाइगर जोन में रेत चोरी पकड़ी, वनविभाग ने 200 ब्रास रेत सहित पोकलैंड, ट्रैक्टर व टिप्पर किया जब्त

**गोंदिया**-नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प के बफर जोन क्षेत्र के टाइगर हैबिटेट से अवैध रेत ले जा रहे पोकलैंड, ट्रैक्टर व टिप्पर को जब्त किया गया. यह कार्रवाई सोमवार को वन विभाग की टीम ने की है. इस कार्रवाई में लगभग 200 ब्रास से ज्यादा रेत सहित लाखों रु. का माल जब्त किया गया है. जानकारी के अनुसार, उमरझरी से चिरचाड़ी नहर के मरम्मत का काम चल रहा है. संबंधित वन विभाग कॉर्पोरेशन ऑफ महाराष्ट्र (एफडीसीएम) के तहत कंपार्टमेंट क्र. 518 के नाले से रेत ले जाकर मरम्मत का काम किया जा रहा था. जिसके लिए बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया गया. यह क्षेत्र सेंसिटिव टाइगर हैबिटेट है और नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में आता है. ऐसे सेंसिटिव टाइगर हैबिटेट में कोई भी काम करते समय जरूरी परमिट, विभाग को पहले से जानकारी देना और विभाग की पूर्व सूचना देना जरूरी है. लेकिन, शुरुआती जांच में पाया गया है कि संबंधित कंपनी ने इसका पालन नहीं किया है.





### जंगल संसाधन व बाघ की सुरक्षा जरूरी

घटना की गंभीरता और सेंसिटिव वाइल्डलाइफ हैबिटेट को देखते हुए, यह मांग की गई कि एक स्वतंत्र समिति बनाकर इस मामले की पूरी, पारदर्शी और बिना किसी भेदभाव के जांच की जाए, और गैर-कानूनी रेत निकालने, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने, जरूरी मिटिगेशन मेजर्स को लागू न करने और काम में जिम्मेदारी लेने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए. यह भी कहा गया कि जंगल के संसाधनों और बाघों के रहने की जगह की सुरक्षा सबसे जरूरी है और ऐसे सेंसिटिव इलाकों में नियमों को तोड़ने वाले किसी भी काम पर सख्त रवैया अपनाया जाएगा.

### काम की पारदर्शीता पर सवाल

घटना स्थल पर उपस्थित कंपनी के कर्मचारियों को अपनी कंपनी का नाम भी नहीं पता था और न ही उनके पास कोई वैलिड वर्क ऑर्डर मौजूद था. इससे काम की पारदर्शीता पर सवाल उठता है और यह संकेत देता है कि काम गैर-कानूनी और बिना इजाजत के किया जा रहा है. इस घटना की जानकारी तत्काल सस्टेनिंग एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ असेंबलेज संस्था के जरिए संबंधित FDCM कार्यालय को दी गई. उसके बाद, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, जांभली ने घटनास्थल पर जाकर पंचनामा किया और नियम के अनुसार जब्ती की कार्रवाई की. इस कार्रवाई में 200 ब्रास रेत सहित एक पोकलैंड मशीन, एक ट्रैक्टर और एक टिप्पर सहित लाखों रु. का माल जब्त किया गया.

# बुचाटोला के लोगों ने ली आखिरकार राहत की सांस आतंक फैलाने वाला तेंदुआ पकड़ाया

**सुकड़ी डाकराम/तिरोड़ा**-पिछले कुछ दिनों से बुचाटोला परिसर में आतंक मचा रहे तेंदुए को आखिरकार सोमवार की सुबह करीब 7 बजे वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया. इस कार्रवाई से बुचाटोला और परिसर के ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली है. पिछले कुछ दिनों से बुचाटोला परिसर में तेंदुए की हलचल बढ़ गई थी. इस तेंदुए के पालतू जानवरों पर हमला करने से किसानों और ग्रामवासियों में डर का माहौल था. वन विभाग ने इस शिकायतपर ध्यान दिया में पिंजरा यह तेंदुआ 19 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे पिंजरे में फंस गया. तेंदुए के पकड़े जाने की खबर परिसर में हवा की तरह फैल गई और उसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. वन विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और तेंदुए को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया.



### लोगों का घर से निकलना हो गया था मुश्किल

शाम के बाद तेंदुए की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था, लेकिन अब वन विभाग की इस कार्रवाई से हमारा डर दूर हो गया है. वन विभाग ने बताया कि तेंदुए को आगे की जांच के लिए एक रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया है और मेडिकल जांच के बाद उसे उसके सुरक्षित प्राकृतिक अधिवास में छोड़ दिया जाएगा.

**शिशुपाल पटले,**
**सरपंच, डोंगरगांव**

# तहसील के किसान बोनस से वंचित धान का बोनस नहीं मिला तो किसान करेंगे आंदोलन

**अर्जुनी मोरगांव**-तहसील में धान उत्पादक किसानों को वर्ष 2024-25 के धान बोनस से वंचित रखा गया है. जिसकी वजह से क्षेत्र के किसानों में तीव्र आक्रोश है. इस संबंध में पीड़ित किसानों ने अन्नदाता धान उत्पादक किसान संघ अर्जुनी मोरगांव के अध्यक्ष ललित बालबुद्धे के नेतृत्व में जिलाधीश तथा जिला पणन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी है. धान बिक्री के बाद अनेक कारणों को लेकर किसानों के धान के बोनस को ब्लॉक किया गया है. अर्जुनी मोरगांव तहसील के सभी धान खरीदी केंद्रों पर बोनस के लिए पात्र किसान व पट्टाधारक किसानों का बोनस प्राथमिकता से दिया जाए. मांग पूरी नहीं होने पर 15 दिनों के बाद तहसील कार्यालय अर्जुनी मोरगांव के समक्ष तीव्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है. मांग की गई है कि अब तक खरीदी किए गए धान की बकाया राशि तत्काल किसानों के खाते में जमा की जाए. रबी मौसम में धान उत्पादन के लिए किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. प्रतिनिधि मंडल में शेखर मेश्राम, ब्रम्हादास मेश्राम, सत्यवान कुंभरे, संतोष राऊत, उमेश कुंभरे, सिद्धार्थ रामटेके उपस्थित थे.



# 25 को नर्मदा जयंती महोत्सव

**गोंदिया**-प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा भजन मंडल व मां नर्मदा जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में 25 जनवरी को मां नर्मदा जयंती महोत्सव का आयोजन परमात्मा एक नगर, परमात्मा भवन के पास किया गया है. सूर्याटोला मार्ग स्थित मां नर्मदा मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ होने से महोत्सव परमात्मा एक नगर में आयोजित किया जा रहा है. 24 जनवरी को सुबह अखंड दीप प्रज्ज्वलित होगा. 25 जनवरी को सुबह 6 बजे माताजी का जलाभिषेक, हवन, पूजन, आरती, दोपहर 1 बजे शोभायात्रा व रात्रि 8 बजे से महाप्रसाद होगा. इस अवसर पर भजन कीर्तन भी होंगे. श्रद्धालुओं से उपस्थिति व सहयोग का अनुरोध संचालक रामू ढोरे ने किया है



# समाज की प्रगति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी

**साकोली**-तहसील के सानागड़ी में 28वां संताजी जगनाडे महाराज पुण्यतिथि महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ जगनाडे महाराज सभागृह में संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र प्रांतिक तेली समाज के धनराज खोब्रागडे ने की. प्रमुख अतिथि पंस सदस्य कृष्णा कोएडवर, वासुदेव खंडाईत, वसंत खंडाईत उपस्थित थे. पुण्यतिथि महोत्सव के अवसर पर साकोली-शेंदूरवाफा नगर परिषद के नवनिर्वाचित नगरसेवक एवं गटनेता संदीप बावनकुले का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया. इस सम्मान समारोह के दौरान मार्गदर्शन करते हुए बावनकुले ने समाज को शिक्षा और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता अत्यंत आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ी सशक्त बन सके. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबांधव उपस्थित रहे और संताजी जगनाडे महाराज के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया.



# अवैध मवेशी ले जाते वाहन पकड़ाया 2.40 लाख रु. का माल जब्त

**गोंदिया**-देवरी-आमगांव मार्ग पर गश्त कर रही देवरी पुलिस टीम ने डवकी मोड़ पर अवैध तरीके से मवेशियों को ले जा रहे वाहन को पकड़ा. यह कार्रवाई शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे की गई. इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पिकअप वाहन व मवेशियों समेत कुल 2 लाख 40 हजार रु. का माल जब्त किया है. जानकारी के अनुसार, देवरी पुलिस की एक टीम गश्त कर रही थी. इसी दौरान देवरी-आमगांव रोड पर डवकी मोड़ पर एक पिकअप वाहन क्र. एमएच 40-बीएल 4845 तेज गति से जा रहा था. पुलिस टीम को शक हुआ और उन्होंने वाहन को रोक लिया. जब वाहन की जांच की गई तो उसमें 4 छोटे-बड़े मवेशियां पाई गई. इस पर चालक से मवेशियां ले जाने का लाइसेंस मांगा गया, इसपर उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था. जिसके आधार पर पुलिस ने मवेशियों को हिरासत में लेकर आमगांव तहसील के माल्ही निवासी विजय सुरेशनाथ चव्हाण (23) के खिलाफ मामला दर्ज किया. इस कार्रवाई में पुलिस ने मवेशियां व वाहन समेत कुल 2 लाख 40 हजार रु. का माल जब्त किया है. यह कार्रवाई वरिष्ठों के मार्गदर्शन में हवलदार कुरंजेकर, सिपाही बिसेन, पुलिस नायक पारधी ने की.



### 26 मवेशियों के साथ ट्रक को पकड़ा

पुलिस ने मवेशियों को बूचड़खाने ले जा जाने की तैयारी कर रहे एक ट्रक को छापा मारकर पकड़ा. गोरेगांव पुलिस ने घोटी गांव में मोरेश्वर रहांगडाले के खेत से ट्रक पकड़ा. पुलिस ने इस कार्रवाई में 22 लाख 60 हजार रु. का माल जब्त किया है. गोरेगांव पुलिस को सूचना मिली थी कि मवेशियों को ट्रक में लादकर बूचड़खाने ले जा रहा है. सूचना के आधार पर जब टीम ने घोटी गांव में मोरेश्वर रहांगडाले के खेत में छापा मारा तो पता चला कि ट्रक में 26 मवेशियों को बेरहमी से ठूंस-ठूंस कर भरा गया है. पुलिस ने 20 लाख रु. कीमत का ट्रक और 2 लाख 60 हजार रु. कीमत के मवेशी ऐसे कुल 22 लाख 60 हजार रु. का माल जब्त किया है. इस मामले में आकाश मनोज राऊत (19), फैजान कादिर कुरैशी (28) और तिलक बोरकर (25) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

# कचारगढ़ यात्रा के लिए बदला गया ट्रैफिक रूट भारी मालवाहकों को प्रतिबंध, दूसरे मार्ग से यातायात

**गोंदिया**-जिले के कचारगढ़ में 30 जनवरी से 3 फरवरी, 2026 तक %महाकाली कंकाली कोपारलिंगो% के मौके से पर यात्रा निकाली जाएगी. इस यात्रा में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ बड़ी संख्या में भक्त आते हैं. उस जगह पर भक्तों और उनके वाहनों की भारी भीड़ होती है. आमगांव-सालेकसा-डोंगरगढ़ मार्ग पर बड़ी संख्या में भारी मालवाहकों का आना जाना लगा रहता है. जिससे यातायात जाम होने और गंभीर दुर्घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. जिससे, तीर्थ यात्रा के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, भक्तों के जीवन को खतरे से बचाने और उन्हें असुविधा से बचाने के लिए, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अनुसार जिलाधीश और जिला दंडाधिकारी प्रजीत नायर को दिए गए अधिकार के तहत, आमगांव से डोंगरगढ़ जाने वाले और डोंगरगढ़ से आमगांव आने वाले भारी माल वाहनों को 30 जनवरी को सुबह 5 बजे से 3 फरवरी, 2026 को शाम 7 बजे तक पूरी तरह से बंद किया जा रहा है और भारी माल वाहनों की आवाजाही के लिए निम्नानुसार वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराए जा रहे हैं.



### सड़क पर यातायात साइन व बोर्ड लगाएं

आमगांव-सालेकसा-डोंगरगढ़ की ओर जाने वाले भारी माल वाहक यातायात पूरी तरह से बंद किया जा रहा है और उसे आमगांव-देवरी-डोंगरगढ़ के दूसरे मार्ग पर भेजा जाएगा. इसी तरह, डोंगरगढ़-सालेकसा-आमगांव आने वाले भारी माल वाहक यातायात पूरी तरह से बंद किया जा रहा है और उसे डोंगरगढ़-देवरी-आमगांव के दूसरे मार्ग पर भेजा जाएगा. ऊपर दिए गए आदेश के संदर्भ में, उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी गोंदिया जरूरी जगहों पर जानकारी देने वाले यातायात साइन और बोर्ड लगाएं. आदेश में यह भी कहा गया है कि यह अधिसूचना 30 जनवरी को सुबह 5 बजे से 3 फरवरी, 2026 को शाम 7 बजे तक लागू रहेगी.

# रावणवाड़ी में हल्दी-कुमकुम समारोह नारी शक्ति व परंपरा का मना सजीव उत्सव



**गोंदिया**-ग्राम कामगार पुलिस पाटिल संघटना महाराष्ट्र राज्य, शाखा रावणवाड़ी की ओर से आयोजित हल्दी-कुमकुम समारोह अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. परंपरा, संस्कृति और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक यह आयोजन केवल एक सामाजिक कार्यक्रम न रहकर महिलाओं की भावनात्मक एकता और सांस्कृतिक विरासत को संजोने वाला सजीव उत्सव सिद्ध हुआ. कर्तव्यों की व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर महिलाओं ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक जड़ों को जीवंत रखा. हाथों में हल्दी, माथे पर कुमकुम और मन में अपनापन लिए महिलाओं ने आपसी संवाद के माध्यम से स्नेह और सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ किया. इस अवसर पर पीएसआई पूजा जाधव की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को अनुशासन, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की. कार्यक्रम में रावणवाड़ी की महिला पुलिस कर्मचारी, महिला पुलिस पाटिल तथा सभी पुरुष पुलिस पाटिल की पत्नियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं. जिससे यह आयोजन एक बड़े पारिवारिक स्नेह-मिलन में परिवर्तित हो गया. समारोह के दौरान महिलाओं द्वारा प्रस्तुत उखानों ने पूरे वातावरण को हंसी और उल्लास से भर दिया. प्रत्येक उखाने में रिश्तों की मिठास, प्रेमभावना और संस्कारों की झलक स्पष्ट दिखाई दी.

# खुर्शीपार सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हुआ पारित

**गोंदिया**-जिले की आमगांव पंचायत समिति के तहत आने वाली खुर्शीपार ग्राम पंचायत की सरपंच हेमलता रमेश चव्हाण के खिलाफ ग्राम पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था. इसके अनुसार, 19 जनवरी 2026 को आमगांव तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई ग्राम पंचायत की एक विशेष बैठक में ग्राम पंचायत के 9 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया और सरपंच हेमलता चव्हाण को सरपंच पद से हाथ धोना पड़ा. अब, इस अविश्वास प्रस्ताव को अगले 7 दिनों में ग्राम सभा में मंजूरी दी जाएगी. महाराष्ट्र ग्राम पंचायत कानून 1959 की धारा (34)1 के अनुसार, सरपंच पद के अधिकार रद्द कर दिए गए हैं. खुर्शीपार के नागरिकों में हर्ष हैं कि सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया है.




### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक मृत

**गोंदिया**- डुग्गीपार थाने के तहत ग्राम कोहमारा चौक परिसर में परसोडकर के घर के आगे खड़े युवक को देवरी से साकोली की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. जिसमें उसकी मौत हो गई. मृतक युवक का नाम हर्षल केशव अग्रवाल बताया गया है. कोहमारा निवासी फिर्यादी अजयकुमार कैलासचंद अग्रवाल (49) की शिकायत पर डुग्गीपार पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार कठाने कर रहे हैं.

### पुराने विवाद के चलते की मारपीट

गोंदिया- देवरी थाने के तहत गोटाबोड़ी निवासी फिर्यादी चंद्रशेखर रेवाजी डिब्बे (35) धान बिक्री करने के लिए देवरी के मार्केट में गया था. इसी दौरान आरोपी रामेश्वर तुकाराम डिब्बे (40) ने पुराने विवाद के चलते फिर्यादी के सिर पर लाठी से प्रहार कर उसे घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर देवरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार मस्के कर रहे हैं.

# वूशु-आर्चरी स्पर्धा के खिलाड़ियों का गौरव राष्ट्रीय पदक विजेताओं का गोंदिया में सत्कार

**तिरोड़ा**-क्रीड़ा व युवक सेवा संचनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे व जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में गोंदिया में शासकीय अधिकृत खेल संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त छात्र और छात्राओं का सत्कार किया गया. जिसमें गोंदिया जिले की एकमात्र अधिकृत संस्था वूशु, आर्चरी, थांगता मार्शल आर्ट गोंदिया जिला संगठन की छात्र गुंजन गायधने, हाशिक शेंडे, प्रबुद्ध रंगारी का सत्कार जिला क्रीड़ा अधिकारी मरस्कोल्हे, क्रीड़ा अधिकारी महाले, विविध संगठना के पदाधिकारी व अधिकृत संगठना वूशु, आर्चरी, थांगता मार्शल आर्ट, कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव सुनील शेंडे, विकास कापसे, दुलीचंद मेश्राम, अनिल सहारे, प्रशिक्षिका मालती लिल्हारे की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर अधिकृत खेल संगठन के पदाधिकारी अशोक असाटी, संजय नागपुरे, डॉ. संदीप मेश्राम, पंकज तिडके, नीरज दुबे, कुलदीप मंजूटे, सोहेल दोहे, प्रज्ञा साखरे आदि ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं.



# किसान से 173 क्विंटल धान की ठगी

## 3.7 लाख की धान लेकर गायब

**गोंदिया**-धान उत्पादक किसान पहले ही प्राकृतिक आपदा से परेशान हैं. नुकसान से बचने का प्रयास करते हैं और बड़ी मेहनत से धान की सुरक्षा कर ऐसे में कोई जालसाज धान उठाकर ले जाता है, तो किसान की कमाई पल भर में छीन जाती है. इसी तरह का जालसाजी का मामला सालेकसा के डोंगरगांव में सामने आया है. आरोपी ने किसान को नकद राशि देने की बात कहकर 3,72,595 रु. का धान ट्रक में भरकर फरार हो गया. किसान की शिकायत पर छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के निवासी आरोपी मयंक सुशीलकुमार जैन (45) के खिलाफ सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. खरीफ धान की फसल की कटाई पूरी होकर सरकारी धान खरीदी केंद्रों में किसान धान बेच रहे हैं. लेकिन सरकारी धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने पर नकद राशि किसानों को नहीं मिलती. धान बिक्री की राशि के लिए डेढ़ से तीन माह तक का इंतजार करना पड़ता है, जिससे किसानों का काम पैसे के अभाव में अटक जाता है. किसानों की इसी कमजोरी का फायदा उठाकर कुछ आरोपी किसानों को ऊंचे दाम पर धान नकदी खरीदने का लालच देकर अपने जाल में फंसा लेते हैं. इसी तरह का एक मामला सालेकसा थाने के तहत डोंगरगांव में सामने आया है.

### रायपुर के ठग मयंक जैन का कारनामा

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की देवरी तहसील के डोंगरगांव निवासी देवराज पांडुरंग ब्राम्हणकर किसान को छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के आरंग निवासी आरोपी मयंक सुशीलकुमार जैन (45) ने नकदी में धान खरीदने का लालच देकर किसान के पास से 173.3 क्विंटल धान ट्रक क्र. एमएच 35 - के 3,435 में भरकर बगैर पैसे दिए फरार हो गया. धान की कीमत 3,72,595 बताई गई है. शिकायत पर आरोपी के खिलाफ सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक चव्हान कर रहे हैं.

# नमन का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ चयन

## विदर्भ का करेगा प्रतिनिधित्व, पुणे में होगी स्पर्धा



**गोंदिया**-भारत की अधिकृत संस्था, ओलंपिक संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया व एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ महाराष्ट्र, एमेच्योर कबड्डी संगठन पुणे द्वारा आयोजित 35वीं राष्ट्रीय काळी (नेशनल) स्पर्धा के लिए गोंदिया जिले के छात्र नमन छबिलाल मडावी का चयन नागपुर में हुई राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में हुआ. पुणे आडंदी में 30 जनवरी से 2 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा कबड्डी स्पर्धा के लिए चयन किया गया. यह गोंदिया जिले का छात्र विदर्भ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा. चयन होने पर विद्यार्थी का अभिनंदन विधायक विजय रहांगडाले जिला क्रीड़ा अधिकारी मरस्कोल्हे, क्रीड़ा अधिकारी महाले, जिला कबड्डी संगठन गोंदिया के अध्यक्ष प्रणव रावत, परिषद के उपाध्यक्ष व कबड्डी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक असाटी, कोषाध्यक्ष संजय नागपुरे, नेशनल प्लेयर राकेश यादव, युवराज पारधी, विकास कापसे, पंकज तिडके, नीरज दुबे आदि ने शुभकामनाएं दी

# RPF टास्क की कार्रवाई, CCTV से पकड़े

## मोबाइल चोरी में शामिल 3 हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**गोंदिया**-रेलवे सुरक्षा बल, दपूमरे नागपुर मंडल द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा व उनके सामान की चोरी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई है. मंडल टास्क टीम ने स्थानीय पुलिस थाना व शासकीय रेल पुलिस थाना गोंदिया में दर्ज मोबाइल चोरी के मामलों में संलिप्त तीन आदतन (हिस्ट्रीशीटर) अपराधियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के निर्देशन व मार्गदर्शन में की गई. उनके निर्देशानुसार मंडल स्तर पर गठित विशेष टास्क टीम द्वारा लगातार निगरानी, गश्त तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. मंगलवार को ट्रेन क्र. 12105 विदर्भएक्सप्रेस से दादर से गोंदिया तक यात्रा कर आए एक यात्री द्वारा अपने जेब में रखे आईफोन मोबाइल की चोरी की सूचना दी गई, जिस पर शासकीय रेल पुलिस गोंदिया द्वारा मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई. मामले की जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल की टास्क टीम द्वारा गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर व मुख्य प्रवेश द्वार पर गुप्त निगरानी रखते हुए सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र. 5 से तीन संदिग्धों को पकड़ा गया, जिनकी पहचान मनीष कुमार (22), अरियन नोनिया (19) व देवराज चौधरी (18) के रूप में हुई.

### विदर्भ एक्सप्रेस में की चोरी

तलाशी के दौरान आरोपी देवराज चौधरी के पास से तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें एक आईफोन व दो वीवो कंपनी के मोबाइल शामिल हैं. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ट्रेन क्र. 12105 विदर्भ एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान गोंदिया स्टेशन प्लेटफॉर्म क्र. 5 पर भीड़ का फायदा उठाकर आईफोन की चोरी की थी, जबकि दो अन्य वीवो मोबाइल गोंदिया बस स्टैंड व गोंदिया शहर के बाजार क्षेत्र से चोरी किए गए थे. बरामद मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग 1,10,000 रु. है. तीनों आरोपियों के पूर्व में स्थानीय पुलिस, शासकीय रेल पुलिस गोंदिया व जीआरपी नागपुर में मोबाइल चोरी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार आरोपियों को बरामद चोरी की संपत्ति सहित आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए शासकीय रेल पुलिस गोंदिया के सुपुर्द किया गया.

# नियंत्रण खो जाने से रेत से भरा टिप्पर पलटा

**मुंडीकोटा/तिरोड़ा**-तिरोड़ा तहसील के ग्राम घोगरा के पास सुबह रेत से भरा टिप्पर नियंत्रण खो जाने से पलटी हो गया. जिसमें कोई जनहानि हुई नहीं. लेकिन टिप्पर का काफी नुकसान हुआ है. जानकारी के अनुसार, 21 जनवरी की सुबह टिप्पर क्र. एमएच 40 सीडी 6703 रेत लेकर जा रहा था. इसी बीच ग्राम घोगरा के पास चालक ने टिप्पर से नियंत्रण खो दिया और टिप्पल पलटी हो गया. हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. लेकिन टिप्पर का काफी नुकसान होने की जानकारी मिली है.



# जीएसटी अधिकारी रिश्वत लेते अरेस्ट

## एसीबी ने की कार्रवाई, 35,000 रु. की रिश्वत मांगी



भंडारा, ब्यूरो. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग के एक राज्य कर निरीक्षक को बंद पड़ा जीएसटी नंबर दोबारा शुरू करने के बदले 35 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में राज्य कर निरीक्षक मनीष मुरलीधर सहारे (50) को पकड़ा गया.

### शुरू नहीं हुआ था जीएसटी नंबर

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता (36) का जीएसटी नंबर अक्टूबर 2025 से बंद था. उसे पुनः शुरू कराने के लिए शिकायतकर्ता ने 2 नवंबर 2025 को gst.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था. जीएसटी विभाग, नागपुर से लेजर शीट जारी कर चालान भरने के निर्देश मिले, जिसके अनुसार शिकायतकर्ता ने 10 हजार 428 रुपये की राशि ऑनलाइन जमा की. इसके बावजूद जीएसटी नंबर शुरू नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने जीएसटी कार्यालय, भंडारा में कार्यरत अधिकारी मनीष सहारे से संपर्क किया. आरोप है कि अधिकारी ने जीएसटी नंबर चालू करने के लिए 35 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की. रिश्वत देने की इच्छा न होने के कारण शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई.

### आरोपी के घर की तलाशी

इसके बाद जीएसटी कार्यालय, भंडारा में जाल बिछाया गया. ट्रैप कार्रवाई के दौरान आरोपी मनीष सहारे ने शिकायतकर्ता से 35 हजार रुपये की रिश्वत स्वयं स्वीकार की, उसी समय एसीबी की टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया. आरोपी के घर की तलाशी की कार्रवाई जारी है. भंडारा पुलिस थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है. मामला दर्ज होने के बाद आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी की जाएगी. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दिगंबर प्रधान, अपर पुलिस अधीक्षक माधुरी बाविस्कर, अपर पुलिस अधीक्षक विजय माहुलकर तथा पुलिस उपअधीक्षक डॉ. अरुणकुमार लोहार (एसीबी, भंडारा) के मार्गदर्शन में की गई. इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक उज्ज्वला मडावी, नितेश देशमुख सहित एसीबी भंडारा के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे.

# ट्रक की टक्कर से युवक की हुई मौत

**गोंदिया**-देवरी थाने के तहत बाघनदी निवासी सुरजकुमार गुहरी यादव (25) मोटरसाइकिल से देवरी से बाघनदी की ओर जा रहा था. इसी दौरान आगे आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिसमें सुरजकुमार की मौत हो गई.

# सहायता समूहों को लाखों की सहायता, दिव्यांगों को वीलचेयर वितरित

## विधि सेवा महाशिविर में 50 लोगों को लाभ




**गोंदिया**-विधि सेवा महाशिविर और शासकीय योजनाओं के महासम्मेलन में जिले के 50 लाभार्थियों को सरकारी योजना का सीधा लाभ पहुंचाया गया. यह कार्यक्रम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मरारटोली, गोंदिया में आयोजित हुआ. बहुउद्देशीय सांस्कृतिक सभागृह, कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक न्यायाधीश नागपुर पीठ उच्च न्यायालय मुंबई न्यायमूर्ति अनिल किलोर, उच्च न्यायालय मुंबई व पालक न्यायाधीश न्यायिक जिला गोंदिया न्यायमूर्ति एम.डब्लू. चांदवानी, प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधि सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश जोशी, जिप सीईओ मुरुगानंथम, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, उप वन संरक्षक पवन कुमार जोंग, अपर जिलाधीश मीनाज मुल्ला, जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेश वालके, टी.बी. कटरे सहित न्यायिक अधिकारी, सभी विधि वर्ग व विविध विभागों के मुख्य अधिकारी उपस्थित थे.

### 30 लाभार्थियों को डिजिटल राशन कार्ड वितरित

इस अवसर पर न्यायधीश के हाथों महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नती अभियान (उमेद) के तहत कलाम स्वयंसहायता बचत गट की योगेश्वरी चौधरी को 4 लाख रु. का चेक, शिवपुराण स्वयंसहायता बचत गट की लीलावती लिल्हारे को 7 लाख रु. का चेक, नप कार्यालय गोंदिया द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत विधान महिला स्वयंसहायता बचत गट की प्रिया देशमातुरे, द्वारा सुजाता मडामे, लक्ष्मी राठौड़ को 4-4 लाख रु. का चेक, कलश महिला स्वयंसहायता बचत गट की सरिता मोहनकर, रेशमा मेश्राम, उर्मिला यादव को 4-4 लाख रु. का चेक, पवन महिला बचत गट की सुनीता फुंडे, धनवंता राउत, लीला मेंढ़े को 7-7 लाख का चेक, सादर महिला बचत गट की सविता गिरडकर, वंदना मानकर, सुनंदा मुरकुटे को 7-7 लाख रु. का चेक, रमाई आवास योजना के तहत रविशंकर भालाधरे को 1 लाख का चेक, कस्तूरा रामटेके को 25 हजार का चेक, दामोदर वडिचार, नरेंद्र कटारे, दुर्गा चौधरी, सकुन पटले, रूपचंद चौहान को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया. तहसील कार्यालय गोंदिया आपूर्ति विभाग द्वारा 30 लाभार्थियों को डिजिटल राशन कार्ड का वितरण किया गया.

### 40 स्टॉल से दी जानकारियां

जिप गोंदिया दिव्यांग सक्षमीकरण विभाग द्वारा टिंकल रहांगडाले तांडा और वंश भगत डव्वा को वीलचेयर व न्यायिक अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पांच दिव्यांगों को किट और खेल उपकरण, नम्रमा वृद्धाश्रम घोटी को वीलचेयर व न्यायिक अधिकारी ने मंगलम मुकबधिर शाला को दस बंकबेड, वन विभाग ने वन्य प्राणियों द्वारा होने वाले पशुधन व फसल नुकसान भरपाई के धनादेश, भूमि अभिलेख विभाग ने सामित्व योजना के तहत होमराज चौरीवार, छगनलाल चौरीवार, पद्मलाल चौरीवार, चरणदास गजभिये और तालिकराम चौधरी को सनद बांटे. इस विधि महाशिविर व शासकीय योजनाओं के महासम्मेलन में लगाए गए कुल 40 स्टॉल पर लोगों को अलग-अलग सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई.

# मुख्याध्यापक सहित दो शिक्षक गिरफ्तार

## फर्जी शालर्थ आईडी मामला, तिरोड़ा के कॉलेज में थे कार्यरत

गोंदिया- फर्जी शालार्थ आईडी मामले में नागपुर पुलिस ने गोंदिया जिले की तिरोड़ा के ठाणेगांव स्थित मिलिंद मागासवर्गीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित सिद्धार्थ हाईस्कूल एंड आर्ट्स एंड साइंस जूनियर कॉलेज में कार्यरत मुख्याध्यापक भाऊराव मधुकर मालधे (56) सहित शिक्षक दिलेशकुमार छबीलाल कटरे (44) व रूपाली बिहारीलाल रहांगडाले (40) को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नागपुर पुलिस द्वारा 19 जनवरी को की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक का अनभुव न होते हुए भी बोगस दस्तावेजों के आधार पर भंडारा जिले के लाखनी निवासी पराग पुडके द्वारा मुख्याध्यापक पद की आईडी तैयार कर लाखों रुपयों की हेराफेरी करने के मामले में पुलिस ने और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो शिक्षक व एक मुख्याध्यापक शामिल है। पराग पुडके को शिक्षक पद का कोई अनुभव नहीं था और ना ही उसने कभी कहीं शिक्षक के तौर पर कार्य किया। इसके बावजूद वह बोगस दस्तावेजों के आधार पर सीधे मुख्याध्यापक के पद पर नियुक्त हो गया। उसने ओमकार मल्टीपर्पस एजुकेशन सोसाइटी के तहत यादव नगर में एसकेबी उच्च प्राथमिक विद्यालय मंदिर नागपुर के नाम से शिक्षक पद के लिए फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र तैयार किया। फरियादी मुन्ना वाघमारे की शिकायत पर जांच पड़ताल करने पर पता चला कि इस मामले में शिक्षा विभाग के उपसंचालक उल्हास नरड, भंडारा के तत्कालीन शिक्षाधिकारी, अधीक्षक, वेतन निर्धारण अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने लाखों रुपए लेकर पुडके को शिक्षक और मुख्याध्यापक के पद के लिए मंजूरी दी। उसने शालार्थ आईडी तैयार कर ली। इस मामले में पुलिस ने पुडके और नरड़ को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला कि तिरोड़ा के ठाणेगांव के मिलिंद पिछड़ावर्गीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित सिद्धार्थ हाईस्कूल एवं जूनियर कॉलेज आर्ट एंड साइंस के शिक्षक दिलेशकुमार कटरे, रूपाली रहांगडाले की नियुक्तियां फर्जी है। मुख्याध्यापक भाऊराव मालधे ने इन दोनों शिक्षकों के दस्तावेज चेक किए बिना ही उनके वेतन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने तीनों को दो दिन की पुलिस कस्टडी दी। यह कार्रवाई नागपुर के परिमंडल 2 के पुलिस उपायुक्त नित्यानंद झा के मार्गदर्शन में सदर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमोल देशमुख, संतोष शिरडोले, प्रलेश कापसे, सुनील राऊत आदि ने की है।

# रेत चोरी के आरोपियों पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 9.56 लाख का माल जब्त

**लाखनी**-लाखनी पुलिस ने रेत चोरी एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है. आरोपियों में ट्रैक्टर चालक मेंढा/भुगाव निवासी निकेश दयाराम आंबेडारे (25) तथा वाहन मालिक न्याहारवाणी निवासी प्रशांत बालकृष्ण नागलवाडे (35) शामिल हैं. आरोपियों द्वारा शासन की रेत अवैध रूप से चोरी कर परिवहन किया जा रहा था, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा है. यह कार्रवाई 19 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे मेंढा/पोहरा क्षेत्र के नदी पात्र में की गई. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से बिना नंबर का हरे रंग का जॉन डीयर 5036 डी ट्रैक्टर (अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये), बिना नंबर की नीले रंग की ट्रॉली (अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार रुपये) तथा ट्रॉली में भरी लगभग 1 ब्रास रेत (कीमत करीब 6 हजार रुपये) जब्त की. इस तरह कुल 9 लाख 56 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है. इस मामले में पुलिस हवलदार निलेश बालकदास रामटेके की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक खोमावती ढोके कर रही हैं.



# घर किराए के विवाद में महिला की पिटाई,3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**गोंदिया**-शहर थाने के तहत गणेश नगर में किराया नहीं देने की बात को लेकर तीन आरोपियों ने एक महिला की पिटाई कर घर के सामान की तोड़फोड़ कर दी. शहर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. गणेश नगर निवासी हरमित भाटिया (50), गुरुविंदरसिह भाटिया (60), हर्ष भाटिया (25) का समावेश है. इस संदर्भ में शहर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश नगर निवासी शिकायतकर्ता 38 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई की उपरोक्त आरोपी और शिकायतकर्ता एक-दूसरे के रिश्तेदार है. जमीन के हिस्से को लेकर एक-दूसरे से वे बात नहीं करते. शिकायतकर्ता के पति के दादा के नाम से गोरेगांव मार्ग पर जमीन है. उस जमीन का किराया प्रति माह शिकायतकर्ता के पति आरोपी गुरुविंदरसिंह भाटिया को देते थे. लेकिन इस माह का किराया नहीं देने के कारण उपरोक्त तीनों आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया और जमीन का किराया 43 हजार रु. नहीं देने के कारण को लेकर अश्लील शब्द का प्रयोग कर आरोपी हर्षवीरसिंह भाटिया ने महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी गुरुविंदरसिंह भाटिया व हर्षविरसिंह भाटिया ने घर में रखे टी टेबल व सीसीटीवी कैमरे की तोड़फोड़ कर दी.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।